4/25/26, 10:18 PM Haryana-Anganwadi-Vacancy-2026-Latest-Update.jpeg (1080×1350)

प्रेषक

निदेशक,
महिला एंव बाल विकास विभाग,
हरियाणा पंचकूला।

सेवा में

सभी जिला कार्यकम अधिकारी,
महिला एंव बाल विकास,
हरियाणा राज्य मे।

कमांक 11162-81/सी.डी.–3/डब्लयू सी.डी./2026
दिनांक 21/04/26

विषय आंगनवाडी हैल्पर से वर्कर के पद पर पदोन्नति की कार्यवाही को प्राथमिकता देते हुए आंगनवाडी वर्कर/हैल्पर के समायोजन एव आंगनवाडी वर्कर व हैल्पर की भर्ती की कार्यवाही अमल मे लाने बारे।

आप द्वारा आंगनवाडी सहायिका से आंगनवाडी कार्यकर्ता के पद पर पदोन्नति खण्ड स्तर पर की जानी है या फिर जिला स्तर पर व 50 प्रतिशत कोटा कब से लेना है–जैसे कि लम्बे समय से नियुक्ति/पदोन्नति नहीं हुई है।इसलिए वैकेंसी कब से कांउट की जानी है तथा पदोन्ति करने की आयु सीमा बारे मागें गए मार्गदर्शन के संबंध में आपको अवगत करवाया जाता है कि आं0 सहायिका से आं0 कार्यकर्ता के पद पर पदोन्नति खण्ड स्तर पर वर्तमान में आं0 वर्कर के रिक्त पदों के 50 प्रतिशत कोटे के आधार पर की जानी है। इसके अतिरिक्त विभागीय हिदायत दिनांक 18.07.2025 के द्वारा आं0 सहायिका से आं0 कार्यकर्ता के पद पर पदोन्नति के लिए निर्धारित आयु सीमा समाप्त करते हुए विभागीय हिदायत दिनांक 16.08.2011 को रद्द कर दिया गया है। अतः आ0 सहायिका से कार्यकर्ता के पद पर पदोन्नति के लिए आयु सीमा 60 वर्ष (सेवानिवृत्त की आयु)तक मान्य होगी।

इसके अतिरिक्त दिनांक 10.04.2026 को माननीय मंत्री महोदया महिला एवं बाल विकास, हरियाणा सरकार की अध्यक्षता मे हुई बैठक मे हुए विचार विमर्श अनुसार आंगनवाडी हैल्पर से वर्कर के पद पर पदोन्नति की कार्यवाही दिनांक 30.04.2026 तक व समायोजन दिनांक 31.05.2026 तक तथा आंगनवाडी वर्कर व हैल्पर के रिक्त पदो को भरने की कार्यवाही दिनांक 30.06.2026 तक करना सुनिश्चित करे।

आपको निर्देश दिये जाते है कि आप अपने अधीनस्थ अधिकारियो/कर्मचारियो को उक्त हिदायतो से अवगत करवाते हुए हिदायतो का दृढता से पालन करना सुनिश्चित करे।

संयुक्त निदेशक आई0सी0डी0एस0,
कृते: निदेशक, महिला एंव बाल विकास विभाग,
हरियाणा, पचंकूला।

https://haryanadcratejob.in/wp-content/uploads/2026/04/Haryana-Anganwadi-Vacancy-2026-Latest-Update.jpeg 1/1